हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
CIN U20299DL 1986NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in




# प्रेस विज्ञप्ति- पूर्व भूमिका

## आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2022

## 14-18 अक्टूबर, 2022; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

## 54वें मेले में 5 दिनों के दौरान 3000+ प्रदर्शक, क्षेत्रीय प्रदर्शक, सेमिनार और रैंप सीक्वेंस का आयोजन होगा

## आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम '22 अपने पूरे गौरव के साथ दुनिया के बाजारों को उपहार में दिए गए हस्तशिल्प का जादू दिखाने के लिए तैयार है

**दिल्ली एनसीआर- ग्रेटर नोएडा- 12 अक्टूबर 2022-** दुनिया के सबसे बड़े हस्तशिल्प मेलों में से एक, आईएचजीएफ- दिल्ली मेले का 54वां संस्करण 14 अक्टूबर 2022 से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में विदेशी खरीदारों, खरीद और सोर्सिंग सलाहकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में घरेलू वॉल्यूम खुदरा खरीदारों के लिए खोला जाएगा। ईपीसीएच के महानिदेशक & अध्यक्ष आईईएमएल श्री राकेश कुमार ने बताया कि इस पांच दिवसीय बी2बी मेले के दौरान देश भर के 3000 से अधिक हस्तशिल्प निर्यातकों द्वारा घर, जीवन शैली, फैशन, वस्त्र और फर्नीचर उत्पादों को ला रहे हैं, जो विदेशी खरीददार समुदाय को दिखाने के लिए उत्सुक हैं, जो अब भारत को हस्तशिल्प वस्तुओं के लिए एकमात्र सोर्सिंग गंतव्य मानते हैं।

उन्होंने ये भी बताया कि आईएचजीएफ- दिल्ली मेला ऑटम 2022 अपने तरह का एक अनूठा मेला है और इस संस्करण के लिए 2000 से अधिक विस्तृत-रेंज से नए उत्पाद चुने जाएंगे जो 14 उत्पाद कैटेगरी के 300 से अधिक डिजाइन एक्सप्रेशन में से होंगे, जैसे- हाउसवेयर, होम फर्निशिंग, फर्नीचर, गिफ्ट एवं डेकोरेटिव्स, लैंप ऐंड लाइटिंग, क्रिसमस

एवं फेस्टिव डेकोर, फैशन जूलरी ऐंड एक्सेसरीज, स्पा एवं वेलनेस, कारपेट एवं रग्स, बाथरूम एक्सेसरीज, गार्डन एक्सेसरीज, एजुकेशन टॉयज ऐंड गेम्स, हाथ से बने कागज के उत्पाद एवं स्टेशनरी और लेदर बैग्स। मेले में एक्सपो सेंटर के 16 हॉल और मार्ट क्षेत्र के 900 स्थायी शोरूम के साथ शिल्प क्लस्टरों का जोरदार प्रतिनिधित्व होगा, जो इसे व्यापक सोर्सिंग पॉइंट बनाता है। थीम पर आधारित पवेलियन में पूरे भारत से शिल्पकार मौजूद रहेंगे जो विदेशी खरीदार समुदायों के लिए यहां अहम आकर्षण होगा।

इस मौके पर ईपीसीएच अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा ने कहा कि मेले में आने वाले आगंतुकों में दुनिया भर से आ रहे विदेशी खरीदार जिनमें थोक खरीदार, वितरक, चेन स्टोर्स, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, खुदरा विक्रेता, मेल ऑर्डर कंपनियां, विभिन्न ब्रांडों के मालिक, बाइंग हाउस और डिजाइनर और ट्रेंड का पूर्वानुमान बताने वाले शामिल हैं।

100 से अधिक देशों के विदेशी खरीदार जिनमें अर्जेंटीना, आर्मीनिया, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बहरीन, बेल्जियम, बोलीविया, ब्राजील, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, कनाडा, चिली, चीन, कोलंबिया, साइप्रस, डेनमार्क, मिस्र, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, हांगकांग, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, आयरलैंड, इसराइल, इटली, जापान, जॉर्डन, केन्या, कोरिया रिपब्लिक, कुवैत, लग्जमबर्ग, मलेशिया, मैक्सिको, मोरक्को, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, नॉर्वे, ओमान, पनामा, पराग्वे, फिलीपींस, पोलैंड, पुर्तगाल, कतर, रोमानिया, रूसी संघ, सऊदी अरब, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका, उरुग्वे, उज्बेकिस्तान, वेनेजुएला, वियतनाम और कई अन्य देशों से खरीदारों ने मेले में आने के लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराया है।

ईपीसीएच अध्यक्ष श्री राज कुमार मल्होत्रा ने बताया कि जिन कंपनियों/डिपार्टमेंटर स्टोर्स के खरीदारों ने इस शो में आने की पहले ही पुष्टि कर दी है उनमें दुकान होम, अर्जेंटीना; फ्लावर पावर प्ले लिमिटेड, ऑस्ट्रेलिया; एक्सएक्सएक्स लुट्ज केजी, ऑस्ट्रिया; गोमायर एनवी, बेल्जियम; मर्कांना फर्नीचर, कनाडा; सोसाइटी ऑफ लाइफस्टाइल, डेनमार्क; बोल्टज आइडेन डॉयचालैंड जीएमबीएच ऐंड कंपनी केजी, टेजी, जर्मनी; सुगिता एस कंपनी लिमिटेड, जापान; डिस्ट्रिब्यूडोरा लिवरपूल एसए डीई सीवी, मैक्सिको; ब्रिंकर्स कारपेट नीदरलैंड्स बीवी, लाइफस्टाइल होम कलेक्शन बीवी, द नीदरलैंड्स; एसिट्रेड ऐंड ईएल कॉर्टे इंगल्स, स्पेन; ग्राहम ऐंड ग्रीन, पैसिफिक लाइफस्टाइल ऐंड टीजेएक्स कॉर्प, ब्रिटेन; अब्दुल्ला मोहम्मद हाउसहोल्ड अप्लायंस कंपनी एलएलसी, होमसेंटर, लैंडमार्क ग्रुप, यूएई; क्रिएटिव होम लिमिटेड, हॉबी लॉबी, रॉस स्टोर्स इंक, टीजेएक्स कॉर्प ऐंड वीसीएनवाई, अमेरिका और कई अन्य शामिल हैं।

उन्होंने ये भी बताया कि इस शो में भारत के प्रमुख रिटेल/ऑनलाइन ब्रांडों के आगंतुक भी शामिल होंगे। मेले में आने के लिए द विशिंग चेयर, ऐट होम, अर्बन लैडर, फैबइंडिया

लिमिटेड, द पर्पल टर्टल्स, फ्लिपकार्ट, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, रिलायंस रिटेल लिमिटेड, डीएलएफ ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड, होम एंड बाजार, कालरा, गुडअर्थ डिजाइन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, मिस्टर डाय, द फर्नीचर स्टॉप, पेपरफ्राई लिमिटेड, द बॉम्बे स्वदेशी स्टोर्स, फर्नीचरवाला, एशियन पेंट्स लिमिटेड, होम सेंटर एवं ईबे और कई अन्य ने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया है।

दुनिया भर के खरीदार अपनी सोर्सिंग जरूरतों के लिए आईएचजीएफ दिल्ली मेले में आना पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें यहां भारत के शीर्ष उत्पादकों और उनके उत्तम उत्पाद रेंज, आकर्षक कीमत, विभिन्न किस्म, विशिष्ट गुणवत्ता और नई उत्पाद लाइन मिलती हैं।

श्री अवधेश अग्रवाल, अध्यक्ष आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम'22 स्वागत समिति ने बताया कि मेले में प्रदर्शकों से प्राप्त उत्पादों के साथ फैशन शो भी होंगे और मेले के दौरान विभिन्न अहम विषयों पर नॉलेज सेमिनारों का आयोजन भी होगा, जैसे कि 2023 लाइफस्टाइल ऐंड ट्रेंड, ब्रांडिंग- अपने संदेश को अंतिम उपयोगकर्ता तक पहुंचाएं, सस्टेनेबिलिटी ऐंड सर्कुलरिटीः मूल्य उत्पादन के लिए कचरे का उपयोग कैसे करें, हस्तशिल्प उत्पादकों और निर्यातकों के लिए ZED सर्टिफिकेशन के फायदे, नेट जीरो के प्रति जागरूकता और निरंतर सुधार, फॉरेक्स समाधान और विश्व बाजार में रुपये की स्वीकार्यता, हाउ टू मैनेज योर ऑर्गेनाइजेशनल प्रॉडक्टिविटी ऐंड बूस्ट ऑर्गेनाइजेशनल सिटिजनशिप इत्यादि।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने ये भी बताया कि परिषद ने इस शो को व्यापक प्रचार देने के लिए अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं, उनके डिजिटल पब्लिकेशन, ऑनलाइन पोर्टल्स, वेब बैनर इत्यादि में डिजिटल विज्ञापन के माध्यम से दुनिया भर में व्यापक प्रचार अभियान चलाया है। साथ ही भारतीय दूतावासों ने विभिन्न देशों में खरीदारों और आयातकों को आमंत्रण भी दिया। मेले के बारे में डिजिटल प्रकाशन और सोशल मीडिया में व्यापर तौर पर कवर किया गया है।

ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने सूचित किया कि 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 33253.00 करोड़ रुपये (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ जो बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 29.49% और डॉलर के संदर्भ में 28.90% की वृद्धि दर्शाता है।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:**
**श्री राकेश कुमार, महानिदेशक- ईपीसीएच और अध्यक्ष आईईएमएल- +91-9818272171**

**Encl: English & Hindi Version alongwith photos attached**

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद CIN U20299DL 1986NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
"EPCH HOUSE" POCKET 6 & 7, SECTOR - C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110 070
Tel.: +91-11-26135256 / 57 / 58
Fax: +91-11-26135518 / 19
E-mail: mails@epch.com
Web : www.epch.in




**PRESS RELEASE – CURTAIN RAISER**

**IHGF Delhi Fair – Autumn 2022**
**14th– 18th October 2022; India Expo Centre, Greater Noida**

**54th edition features 3000+ Exhibitors, Regional Displays, Seminars and Ramp Sequences in 5 days show**

**IHGF DELHI FAIR AUTUMN'22 IN ITS FULL GLORY READIES TO SHOWCASE MAGIC OF GIFTED HANDS TO THE WORLD MARKETS**

**Delhi NCR - Greater Noida – 12th OCTOBER 2022 -** The 54th edition of one of the world's largest handicrafts fairs i.e. IHGF-Delhi fair will be opened to overseas buyers, buying and sourcing consultants as well as large domestic volume retail buyers only on **14th October 2022 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.** The five days B2B fair brings home, lifestyle, fashion, textiles and furniture products by 3000+ handicrafts exporters from across the country who are eager to showcase to the overseas buying community who now consider India as the only sourcing destination for handicraft items, informed by Mr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH & Chairman IEML.

He further informed that the IHGF-Delhi Fair Autumn 2022 is one of its kind of fair and this edition will have a wide-ranging selection of over 2000+ new products and more than 300 design expressions spanning across 14 product categories such as houseware, home furnishing, furniture, gifts and decoratives, lamps and lighting, Christmas & festive décor, fashion jewellery & accessories, spa & wellness, carpets and rugs, bathroom accessories, garden accessories, educational toys & games, handmade paper products & stationery and leather bags. The exhibition will have emphatic

representation of craft manufacturing hubs and clusters, stationed in 16 halls in the Expo Centre and 900 permanent showrooms in the Mart area, making this a comprehensive sourcing point. Artisans from pan India will be stationed in thematic presentations will be among attraction for the visiting overseas buying community.

Speaking on the occasion, Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH informed that the visitors profile to the show includes overseas buyers from across the globe comprising wholesalers, distributors, chain stores, departmental stores, retailers, mail order companies, brand owners, buying houses and designers and trend forecasters.

Overseas buyers from over 100 countries including Argentina, Armenia, Australia, Austria, Bahrain, Belgium, Bolivia, Brazil, Brunei Darussalam, Cambodia, Canada, Chile, China, Colombia, Cyprus, Denmark, Egypt, Finland, France, Germany, Greece, Guatemala, Hong Kong, Hungary, Indonesia, Iran, Ireland, Israel, Italy, Japan, Jordan, Kenya, Korea Republic, Kuwait, Luxembourg, Malaysia, Mexico, Morocco, Netherlands, New Zealand, Nigeria, Norway, Oman, Panama, Paraguay, Philippines, Poland, Portugal, Qatar, Romania, Russian Federation, Saudi Arabia, Senegal, Singapore, South Africa, Spain, Sweden, Switzerland, Thailand, Turkey, Ukraine, United Arab Emirates, United Kingdom, United States, Uruguay, Uzbekistan, Venezuela, Vietnam and many more have pre-registered to visit the fair.

Buyers from companies/ departmental stores who have already confirmed their visit to the show include Dukaan Home, Argentina; Flower Power Pty Ltd, Australia; XXX Lutz KG, Austria; Gommaire NV, Belgium; Mercana Furniture, Canada; Society of Lifestyle, Denmark; Boltze Ideen Deutschland GMBH & Co KG, Tedi, Germany; Sugita Ace Co., Ltd, Japan; Distribuidora Liverpool SA DE CV, Mexico; Brinkers Carpets Netherlands BV, Lifestyle Home Collection BV, The Netherlands; Asitrade & El Corte Ingles, Spain; Graham And Green, Pacific Lifestyle & TJX Corp, UK; Abdulla Mohd Household Appliance Trdg Co LLC, Homecentre, Landmark Group, UAE; Creative Home Limited, Hobby Lobby, Ross Stores Inc, Tjx Corp & VCNY, USA and many more, informed Shri Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH.

He further informed that the show will also have visitors from major Indian Retail/online brands including The Wishing Chair, At Home, Urban Ladder, Fabindia Limited, The Purple Turtles, Flipkart, Fabindia Ltd., Shoppers Stop Limited, Reliance Retail Ltd., DLF Brands Pvt Ltd, Home And Bazaar, Goodearth Design Studio, Qalara, Goodearth Design Studio Pvt Ltd, Mr.Diy, The Furniture Stop, Pepperfry Ltd, The Bombay Swadeshi Stores , Furniturewalla, Asian Paints Ltd, Home Centre & Ebay and many more have pre-registered to visit the fair.

Buyers from across the globe prefer to visit IHGF Delhi Fair for their sourcing requirements because it is an exclusive connect to leading Indian manufacturers with an exquisite product range, attractive prices, different varieties, distinct quality and new product lines.

The fair will have fashion shows with products sourced from exhibitors at fair. Also, knowledge seminars will be on different and important subjects like 2023 Lifestyle & Trend, Branding-Conveying your message to the end user, Sustainability and Circularity: How waste can be utilised to generate value; Sustainable ZED Certification Benefits for Handicrafts Manufacturers & Exporters; Conscious and continuous improvement towards NET ZERO, Forex Solution and Rupee Acceptability In World Markets, How to Manage Your Organizational Productivity and Boost Organizational Citizenship etc., informed by Mr. Avdesh Agarwal, President IHGF Delhi Fair Autumn'22 Reception Committee.

Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH, informed that in order to give wide publicity to the show, the Council has undertaken extensive promotion and publicity campaign all across the globe through digital advertisements in international magazines, their digital publications, online portals, web banners etc. Further, Indian Embassies extended invitation to buyers and importers in their respective countries. The fair has been widely covered in digital publications and social media.

The Handicrafts exports during the year 2021-22 was Rs. 33253.00 Crores (US $ 4459.76 Million) registering a growth of 29.49% in rupee term & 28.90% in dollar terms over the previous year, informed by Mr. Rakesh Kumar, Director General, EPCH.

---

For more information, please contact:
**MR. RAKESH KUMAR, DIRECTOR GENERAL– EPCH & Chairman-IEML**
**+91-9818272171**

**Encl: English & Hindi Version alongwith photos attached**





Photo 1 – Shri Rakesh Kumar, Director General-EPCH & Chairman-IEML addressing press & media during Press Meet – Curtain Raiser of 54th edition of IHGF Delhi Fair held at India Expo Centre, Greater Noida alongwith Mr. Raj Kumar Malhotra, Chairman-EPCH.




**Photo 2:** (In Centre) Shri Rakesh Kumar-Director General EPCH & Chairman IEML, Shri Raj Kumar Malhotra - Chairman EPCH, Shri Avdesh Agarwal, President, IHGf Delhi Fair Autumn’22 Reception Committee, Shri Ravi K Passi, Imme. Past Chairman-EPCH alongwith,

Shri Prince Malik, Member(s)-COA-EPCH, Shri R K Verma Executive Director EPCH during Press Meet-Curtain Raiser of 54th IHGF Delhi Fair Autumn’22 held today at India Expo Mart, Greater Noida




**PHOTO - 3 -** Overview of 54th IHGF Delhi Fair Autumn’22 to be organized at India Expo Mart, Greater Noida from 14-18 October'22




**PHOTO - 4 -** 54th IHGF Delhi Fair Autumn’22 construction is in full swing at India Expo Mart, Greater Noida to be organized from 14-18 October'22